एक नजर में

ट्रीट वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता 11 जनवरी को

ग्वालियर, 8 जनवरी। नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता के साथ शहर की सौंदर्यता हेतु युवा एवं इच्छुक व्यक्ति व समूहों द्वारा ''स्ट्रीट वॉल पेंटिंग'' प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी रविवार को प्रात: 9 बजे से फूलबाग गुरुद्वारा, मोती महल पैलेस तिराहा से नदी गेट चौराहा तक किया जा रहा हैं। नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता के साथ शहर की सौंदर्यता हेतु युवा एवं इच्छुक व्यक्ति व समूहों द्वारा ''स्ट्रीट वॉल पेंटिंग'' का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक, खुले मार्गों में कचरा न फेंकना, कचरा अलगदृअलग करना, नागरिक जिम्मेदारी, जल संरक्षण, तम्बाकू का उपयोग न करना एवं संस्कृति व धरोहर इत्यादि पर पेंटिंग बनाई जाएगीं। उक्त प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु पंजीकरण गूगल फॉर्म के माध्यम से दर्ज किया जा सकता है। प्रत्येक प्रतिभागी को ग्वालियर नगर निगम द्वारा चित्रकारी हेतु रंग, ब्रश, स्टूल, कुर्सी, स्वल्पहार एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी तथा आयुक्त नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रशंसा पत्र प्रस्तुत किया जावेगा।

ट्रेड लाइसेंस नहीं बनाने एवं बैठक में अनुपस्थित रहने पर 6 कर संग्रहकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

ग्वालियर, 8 जनवरी। एक सप्ताह की अवधि में कोई ट्रेड लाइसेंस न बनाए जाने एवं रिन्यूअल न किए जाने पर 4 राजस्व कर संग्रहको एवं समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर 3 राजस्व कर संग्रहको को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी राजस्व अनूप लिटोरिया द्वारा आदेशानुसार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजस्व विभाग के अंतर्गत ट्रेड लाइसेंस एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। जिसमें 1 से 7 जनवरी तक एक भी नवीन एवं रिन्यूअल ट्रेड लाइसेंस नहीं बनाये जाने पर राजस्व कर संग्रहक क्षेत्र क्रमांक 18 संजय रजक, राजस्व कर संग्रहक क्षेत्र क्रमांक 14 कीरत सिंह गुर्जर, राजस्व कर संग्रहक क्षेत्र क्रमांक 11 धर्मेन्द्र धाकड को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके साथ ही राजस्व विभाग की वीडियो कॉन्फ्रेंस में राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में बिना सक्षम अनुमति के अनुपस्थित रहने पर राजस्व कर संग्रहक क्षेत्र क्रमांक 25 रवि चौरसिया, राजस्व कर संग्रहक क्षेत्र क्रमांक 12 कपिल पांडेय, राजस्व कर संग्रहक क्षेत्र क्रमांक 23 राकेश खरे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना

ग्वालियर, 8 जनवरी। शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज सहायक स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान द्वारा दक्षिण विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 सराफा बाजार स्थित कोठारी एण्ड संस द्वारा मुख्य मार्ग पर कचरा फेंकने पर 1000 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी राजेंद्र विक्रम सिंह, फ्लाइंग स्क्वायड प्रभारी धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, जोनल हेल्थ ऑफिसर विंकेश बांगडे, वार्ड हेल्थ ऑफीसर प्रदीप बागडे आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी दीपेन्द्र सेंगर के निर्देशन में वार्ड 8 में गंदगी फैलाने वालों से 2000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

मेले में पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी का शुभारंभ

ग्वालियर। पशुपालन विभाग द्वारा व्यापार मेला में विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका शुभारंभ गुरुवार को मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत (आईएएस) सोजान सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक ग्वालियर एवं चंबल संभाग डॉ. अनिल अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रावत ने कहा कि किसान एवं पशुपालक हितैषी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही प्रदेश सरकार की मंशा अनुसार गो संरक्षण पर बल दिया। डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य उन्नत नस्ल का पशुपालन कर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाकर किसानों की आय दोगनी करने में कृत्रिम गर्भाधान के प्रति पशुपालकों में जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए नि:शुल्क रहेगी।

स्व. विष्णुदत्त तिवारी स्मृति समारोह का आयोजन आज

ग्वालियर। प्रतिवर्ष दिसंबर माह के पूर्वार्ध में आयोजित होने वाला स्व. श्री विष्णुदत्त तिवारी स्मृति समारोह इस वर्ष अपरिहार्य कारणों से आज शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 4:30 बजे से जिला न्यायालय स्थित उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ के सभा कक्ष में गरिमामय उपस्थिति के बीच आयोजित होगा। प्रमुख अतिथि एवं अध्यक्षता समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति हृदयेश श्रीवास्तव (न्यायाधिपति, म.प्र. उच्च न्यायालय) होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित किशोर (जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक पवन पाठक (अध्यक्ष), महेश गोयल (सचिव), विजय कृष्ण योगी (संयोजक) एवं कु. सरिता तिवारी (प्रधान न्यासी) ने सभी अभिभाषक बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करें और नवागत साथियों का उत्साहवर्धन करें। इस अवसर पर 4 दिसंबर 2025 के बाद पंजीकृत हुए युवा अभिभाषकों में से चयनित 5 अभिभाषकों को विधि पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। यह पुस्तकें स्व. श्री विष्णुदत्त तिवारी स्मृति निधि से प्राप्त ब्याज की राशि के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं। स्मृति निधि को सशक्त बनाने में वरिष्ठ अभिभाषकों का विशेष योगदान रहा है, जिसमें मुख्य रूप से-राजीव शर्मा (उपाध्यक्ष) 11,000 रुपये, प्रेमसिंह भदोरिया (पूर्व अध्यक्ष) 11,000 रुपये, बी.डी. वर्मा 2,100 रुपये वीरेंद्र पाल, 5,000 रुपये, विजय कृष्ण योगी (संयोजक) 5,000 रुपये, ओमेन्द्र सिंह कुशवाह, 1,000/- रुपये का सहयोग प्रदान किया गया है।

शहर में हाड़ कंपाने वाली ठंड : पारे की रिकॉर्ड गिरावट के साथ ठिठुरे लोग

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 जनवरी. अंचल में कड़ाके की ठंड और शीतलहर का कहर जारी है। गुरुवार को ग्वालियर में ठंड ने पिछले कई रिकॉर्ड तोड़ दिए, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। दिन भर शहर के विभिन्न चौराहों और कॉलोनियों में लोग अलाव जलाकर तापते नजर आए।

15 मिनट की झलक दिखाकर गायब हुए सूर्य देव

बादलों की ओट में छिपे रहे सूरज

गुरुवार का दिन शहरवासियों के लिए भारी रहा। सुबह से ही कोहरे और बादलों के कारण सूर्य देव के दर्शन दुर्लभ रहे। दोपहर के समय मात्र 15 मिनट के लिए सूर्य देव बादलों की ओट से बाहर निकले, लेकिन उनकी गुनगुनी धूप बेअसर साबित हुई। कुछ ही देर में सूरज फिर बादलों में छुप गया, जिससे ठिठुरन और बढ़ गई।

ठंड ने तोड़े रिकॉर्ड, अलाव ही सहारा

तापमान में आई भारी गिरावट के कारण ग्वालियर में 'कोल्ड डे' जैसी स्थिति बनी रही। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में ही दुबके रहे। प्रमुख चौराहों और सडकों बाजारों के हालत यह थे कि गिने चुने लोग ही नजर आए। ठंड के कारण बाजारों में रौनक कम रही तो शाम होते ही दुकानें भी जल्दी बंद होने लगीं।

आने वाले 24 घंटों में भी ठंड से राहत नही

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में यह गिरावट दर्ज की गई है। आने वाले 24 घंटों में कोहरा व ठंड और बढ़ने की संभावना है। भारी ठंड को देखते हुए प्रशासन ने रैन बसेरों में पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं ताकि बेसहारा लोगों को राहत मिल सके। साथ ही, डॉक्टरों ने इस बदलते मौसम में बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

8वीं कक्षा तक के बच्चों के लिये भी आज और कल रहेगी छुट्टी

ग्वालियर, 8 जनवरी। ग्वालियर जिले के सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में 8वी कक्षा तक के बच्चों के लिये भी 9 व 10 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है। ज्ञात हो पाँचवी कक्षा तक के बच्चों के लिये पहले ही इन तिथियों में छुट्टी घोषित की जा चुकी है। लगातार बढ़ रही ठंड व शीतलहर को ध्यान में रखकर कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 9 जनवरी से जिले में कोई भी विद्यालय सुबह 10.30 से पहले एवं दोपहर 3 बजे के बाद संचालित नहीं किया जा सकेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह आदेश अत्यधिक ठंड की वजह से बच्चों के स्वास्थ्य, सुविधा, सुरक्षा एवं आवागमन को ध्यान में रखकर जारी किया गया है। यह आदेश ग्वालियर जिले में संचालित एमपी बोर्ड, सीबीएसई व आईसीएसई से संबद्ध सभी शासकीय एवं अशासकीय व शासन से मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा।

दिन में भी निगम ने जलाए अलाव

ग्वालियर, 8 जनवरी। भीषण सर्दी को देखते हुए नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर दिन में भी अलाव जलवाये गए। पार्क अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी मुकेश बंसल के निर्देशन में शहर में पड रही कंपकपाती सर्दी को देखते हुए दिन में ही अलाव जलवाये गए। शहर के गिरते तापमान को देखते हुए शहर के अनेक स्थान जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टैंड, यात्री स्टॉपेज, कमलराज हॉस्पिटल, जिला चिकित्सालय मुरार, पडाव नया आरोबी के नीचे, पुलिस चौकियां, महाराज बड़ा सहित अनेक स्थानों के साथ-साथ समस्त आश्रय स्थलों पर दिन से ही अलाव जलाएं जा रहे हैं जिसकी आड़ से नागरिकों को राहत मिल सके।

बच्चों को केवल पोषण आहार वितरण करने के लिये खुलेंगीं आंगनबाड़ी

ग्वालियर, 8 जनवरी। अत्यधिक ठंड व शीतलहर को ध्यान में रखकर जिले में संचालित सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिये छुट्टी रहेगी। पोषण आहार प्राप्त करने के लिये बच्चे सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आंगनबाड़ी में आ सकेंगे। नाश्ता व भोजन के बाद बच्चों की छुट्टी कर दी जायेगी। यह व्यवस्था 9 जनवरी से 31 जनवरी तक लागू रहेगी। कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी उपासना राय ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को प्रात: 9 बजे से सायंकाल 4 बजे तक आंगनबाड़ी में उपस्थित रहकर अपना कार्य संपादित करना होगा।

ग्वालियर-चंबल संभाग के अधिकारियों को ई-विकास पोर्टल के संबंध में दिया प्रशिक्षण

ग्वालियर, 8 जनवरी। किसानों को सुगमता से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये नवीन उर्वरक वितरण व्यवस्था पर ई-विकास प्रणाली पोर्टल के संबंध में बाल भवन के सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। किसानों के हित में लागू की गई नई व्यवस्था के संबंध में क्रिप्स भोपाल से कुलदीप सिंह चौहान एवं मनीष बिरहा द्वारा ग्वालियर चंबल संभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त संचालक कृषि आर एस शाक्यवार के माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण में अधिकारियों को ई-विकास पोर्टल प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

नवाचारपूर्ण एवं व्यवहारिक विचारों के माध्यम से युवा उद्यमी के रूप में आगे बढ़ सकते हैं : डॉ. सिंघी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 जनवरी. आईटीएम ग्वालियर के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के सहयोग से 'आईईईई सदस्यता के लाभ एवं स्टार्टअप के लिए फंडिंग अवसर' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जहां विशेषज्ञ और मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. आशीष सिंघी (प्रोफेसर एसआईएस टेक, भोपाल) शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, सीएसई-इमर्जिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक दीपक कुमार मिश्रा सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। आयोजित व्याख्यान में विशेषज्ञ और मुख्यवक्ता डॉ. आशीष सिंघी ने अपने गहन अनुभव और ज्ञान के आधार पर छात्र-छात्राओं को आईईईई सदस्या के विविध लाभों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आईईईई विश्व का अग्रणी तकनीकी संगठन है, जो शोध, नवाचार एवं तकनीकी विकास को बढ़ावा देता है। डॉ. सिंघी ने बताया कि आईईईई सदस्यता प्राप्त करने पर छात्र-छात्राओं और युवा शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय शोध समुदाय से जुड़ने, शोध-पत्र प्रकाशन, तकनीकी कॉन्फ्रेंस एवं वर्कशॉप्स में सहभागिता, मेंटरशिप एवं नेटवर्किंग और कॅरियर गाइडेंस जैसे कई अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि सदस्यता छात्र-छात्राओं के पेशेवर विकास, व्यक्तित्व निर्माण और वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने में सहायक सिद्ध होती है। डॉ. आशीष सिंघी ने स्टार्टअप्स के लिए उपलब्ध राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फंडिंग योजनाओं पर भी विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक स्टार्टअप्स, इनोवेशन प्रोजेक्ट्स और रिसर्च बेस्ड आइडिया को विभिन्न औद्योगिक, सरकारी एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नवाचारपूर्ण एवं व्यवहारिक विचारों के माध्यम से युवा उद्यमी के रूप में आगे बढ़ सकते हैं। आईईईई जैसे प्लेटफ़ॉर्म विचार साझा करने, विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त करने एवं सहयोगी नेटवर्क विकसित करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि आईईईई किसी प्रकार का व्यावसायिक लाभ नहीं लेती, बल्कि नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए योग्य प्रोजेक्ट्स को सहयोग एवं सहायता प्रदान करती है। यदि कोई सदस्य है तो उसके प्रस्तावों को अधिक विश्वसनीयता मिलती है और फंडिंग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। व्याख्यान के अवसर पर आईटीएम की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार ने विधार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि वर्तमान युग तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार-आधारित सोच का युग है, जहां निरंतर सीखते रहना ही सफलता की कुंजी है।

आईटीएम में 'आईईईई सदस्यता के लाभ एवं स्टार्टअप के लिए फंडिंग अवसर' विषय पर व्याख्यान आयोजित

महारास की लीला ही जीवात्मा और परमात्मा के मिलन की लीला है : आचार्य मनोज शास्त्री

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 जनवरी. बालाजी दरबार मंदिर पारदी मोहल्ला पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन रास पंचाध्याय की कथा का वर्णन करते हुए आचार्य पंडित मनोज शास्त्री ने बताया की महा रास में पांच अध्याय हैं जो भागवत के पांच प्राण हैं जो भागवत जी के इन पांच अध्यायों का भाव से गान करता है वह भगवान की प्रेम भक्ति पाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। महा रास में भगवान शिव स्वयं आते हैं भगवान श्री कृष्णा ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आवाहन किया। महा रास की लीला ही जीवात्मा और परमात्मा के मिलन की लीला है।

बैंड बाजे और ढोल तासे के साथ श्री कृष्ण की बारात आई, श्री कृष्ण का हुआ रुक्मणी से विवाह महंत नरेंद्र मिश्रा ने दो कन्याओं का निशुल्क विवाह कराया

उन्होंने श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जो श्री कृष्ण -रुक्मणी विवाह के प्रसंग को सुनता है। उसके जीवन की वैवाहिक समस्या दूर हो जाती है भगवान की बारात बैंड बाजे के साथ निकाली गई भक्तों ने झूम- झूम कर नृत्य किया वेद मंत्रो के उच्चारण सेभगवान श्री कृष्ण का रुक्मणी के सन्ग विवाह हुआ और बालाजी दरबार के महंत नरेंद्र मिश्रा द्वारा दो कन्याओं का निशुल्क विवाह कराया गया। तत्पश्चात आचार्य पंडित मनोज शास्त्री ने भजन गाए। आरती में बालाजी दरबार के महंत नरेंद्र मिश्रा, आचार्य पंडित सचिन भारद्वाज, परीक्षित विष्णु मिश्रा, सरिता मिश्रा सहित सभी क्षेत्र वासी भारी संख्या में उपस्थित रहे। तत्पश्चात आचार्य पंडित मनोज शास्त्री ने बताया कि कल सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। कथा का संपूर्ण फल सुदामा चरित्र की कथा सुनने से प्राप्त होगा। आज कथा में पधारे हुए पंडित राजेंद्र भारद्वाज और महंत पंडित दीपक शर्मा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा उपाध्यक्ष सनाढ्य ब्राह्मण रहे।

समुद्र की लहरों से यादों तक—नेवी के पूर्व जांबाज़ों का स्नेहिल संगम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 जनवरी. भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त पूर्व सदस्यों के आपसी मेल-मिलाप और सेवा काल की स्मृतियों को ताज़ा करने के उद्देश्य से नेवल वेलफेयर सोसायटी ने नववर्ष मिलन समारोह-2026 का आयोजन 11 जनवरी को किया जाएगा। यह समारोह दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक शहर के 7 हिल्स रेस्टोरेंट में आयोजित होगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए हरीश वघेल, दूरदर्शन के सेवानिवृत्त अधिकारी ने बताया कि समारोह में नौसेना से सेवानिवृत्त पूर्व सदस्य अपने सेवा काल से जुड़े अनुभवों, अनुशासनपूर्ण जीवन और साथियों के साथ बिताए गए पलों को साझा करते हुए पुराने दिनों को याद करेंगे। आयोजन का उद्देश्य किसी औपचारिक कार्यक्रम से अधिक आपसी आत्मीयता, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करना है। कार्यक्रम की थीम शौर्य, सेवा और समर्पण रखी गई है, जो भारतीय नौसेना में बिताए गए वर्षों की भावना को दर्शाती है। नववर्ष के अवसर पर आयोजित यह मिलन समारोह पूर्व सदस्यों के लिए स्मृतियों को सहेजने और आपसी जुड़ाव को बनाए रखने का अवसर प्रदान करेगा। नेवल वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों के अनुसार, इस प्रकार के आयोजन सेवानिवृत्ति के बाद भी संगठनात्मक एकता और सामाजिक संपर्क को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम को लेकर पूर्व सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती निशा तोमर पत्नी श्री विश्वनाथ सिंह तोमर निवासीगण मकान नंबर 1 शाहपुरा खोयला जिला मुरैना ने उक्त अचल संपति प्लाट क्र. 86 स्थित लक्ष्मणगढ़ जिला ग्वालियर में है। जिसका पटवारी हल्का क्र. 101 है। जो कि सर्वे क्र. 98 का भाग 1200 वर्गफुट है। जो मेरे पक्षकार ने विक्रय पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकार के विक्रेता रामचरण सिंह पुत्र श्री नाहर सिंह की पुश्तैनी सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र.एम. पी. 1425920ए 1300752 दिनाक 04-05-2019 से क्रय किया था। मेरे पक्षकार के द्वारा किये विक्रय पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में - भूखंड क्रमांक 85 पश्चिम में रोड उत्तर में रोड दक्षिण में भूखंड क्रमांक 87 जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शसकीय, अशासकीय विभागों या प्राइवेट फाइनेंस को या पूर्व विक्रेता रामचरण सिंह पुत्र श्री नाहर सिंह के परिवार सदस्य पंजाब सिंह, भगवान सिंह, लाल सिंह, प्रताप सिंह पुत्र श्री नाहर सिंह को कोई उम्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अंदर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद उज्र व आपत्ति मान्य स्वीकार नहीं होगी और मेरे पक्षकार उक्त अचल सम्पत्ति प्लाट का कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट प्लाट बंधक करने बाबत हाउसिंग लोन की सुविधा पिरामल फाइनेंस लिमिटेड सिटी सेंटर ग्वालियर से आवंटित कर रहा है'। जो सूचित हो।

दिनांक 08.01.2026
स्थान - ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

मदाखलत अमले ने हटाया अतिक्रमण

ग्वालियर, 8 जनवर। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत नजरबाग मार्केट, सुभाष मार्केट, टोपी बाजार एवं गाँधी मार्केट पर यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले एवं फुटपठियों को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव एवं दक्षिण विधानसभा अमला उपस्थित रहा।

In The Court Of XXV Civil Judge Junior Division, District Court, Gwalior
Presiding Officer: निशांत बसोया
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS B/0000093/2023)
मेसर्स स्पेक्ट्रम इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स कंपनी. वादी
Vs
मेसर्स जय माँ कैला देवी स्टोन इंडस्ट्रीज....प्रतिवादी
Process Id- 11/2025 - पेशी दिनांक : 11/02/2026
प्रेषिती-(1) मेसर्स जय माँ कैला देवी स्टोन इंडस्ट्रीज पता- ए 305 एलिम्सिट मुकुंद कृष्णा सिटी सिरोल रोड ग्वालियर
(2) श्री राजेश शर्मा पता- दाउ बाबा 2 के सामने बिलौआ डबरा ग्वालियर

यह कि प्रार्थी **मेसर्स स्पेक्ट्रम इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स कंपनी** ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख **27 December 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(सील)
टिप्पणी:-
निशांत बसोया
पच्चीसवें तृतीय व्यवहार न्यायाधीश करिष्ठ खण्ड जिला ग्वालियर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंकज माधवराव जाधव एवं संजय जाधव पुत्रगण स्व. श्री माधवराव जाधव के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की प्लाट सम्पति जो प्लाट क्रमांक J-58 माधव नगर, परगना व जिला ग्वालियर में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 74.34 वर्गमीटर है और नगर निगम भवन क्रमांक 133 वार्ड क्र. 58 है, जिसकी चतुरसींमा निम्न प्रकार है- पूर्व में- भूखंड क्रमांक-J-51, पश्चिम में- 40 मी. चौडी सड़क, उत्तर में- भूखंड क्र. - J-57, दक्षिण में- भूखंड क्रमांक J-59 है। उक्त वर्णित भूखंड सम्पति को पंकज माधवराव जाधव एवं संजय जाधव की मां स्व. श्रीमती विजया जाधव ने जर्ये रजिस्टर्ड पट्टा विलेख क्र. 5417 दिनांक 03/12/2018 के द्वारा एम.पी. हाउसिंग बोर्ड ग्वालियर से प्राप्त किया था। श्रीमती विजया जाधव की मृत्यु दिनांक 18/07/2018 को हो जाने के पश्चात परिवार के सभी सदस्यों की सहमति से पंकज माधवराव जाधव एवं संजय जाधव का नामांतरण एम.पी. हाउसिंग बोर्ड ग्वालियर में हुआ और एम.पी. हाउसिंग बोर्ड ग्वालियर ने विधिवत ई-रजिस्टर्ड पट्टा विलेख क्र. एम.पी. 142602025ए1195322 दिनांक 21/03/2025 पंकज माधवराव जाधव एवं संजय जाधव के हित में सम्पादित किया और एम.पी. हाउसिंग बोर्ड ग्वालियर ने वर्णित सम्पति के लीज होल्ड अधिकारों को फ्रीहोल्ड अधिकारों में परिवर्तित कर पंकज माधवराव जाधव एवं संजय जाधव के हित में इलेक्ट्रॉनिक्स ई-रजिस्टर्ड विलेख क्र. एम.पी.2 IGR 17402025ए 100696682 दिनांक 07/08/2025 सम्पादित किया और वर्तमान में उक्त प्लाट सम्पति नगर पालिका निगम ग्वालियर एवं समस्त शासकीय अभिलेखों में पंकज माधवराव जाधव एवं संजय जाधव के नाम इन्द्राज है। उक्त वर्णित सम्पति को क्रय करने हेतु पंकज माधवराव जाधव एवं संजय जाधव से प्रशान्त अग्रवाल पुत्र श्री सीताराम अग्रवाल आदि ने अपने हित में लिखतम अनुबंध पत्र सम्पादित करा लिया है जिसका विक्रय पत्र किया जाना निश्चित है। वर्णित सम्पति एवं इसके सभी असल पट्टा विलेखों और इसके समस्त दस्तावेजों पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, कंपनी, वित्तीय संस्था, फर्म, सोसायटी, व्यक्ति विशेष एवं शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग अथवा निकाय का कोई ऋण आदि बकाया हो या किसी का भी वर्णित सम्पति एवं सभी असल पट्टा विलेखों एवं इसके दस्तावेजों में कोई हित-निहित हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी सबूतों के मेरे कार्यालय पर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति करें। अवधि गुजरने के उपरांत वर्णित प्लॉट सम्पति के असल पट्टा विलेख एवं सभी दस्तावेजों के संबंध में की गई समस्त आपत्तियां, दावे व कार्यवाहियां मेरे पक्षकार प्रशान्त अग्रवाल पुत्र श्री सीताराम अग्रवाल आदि के हक के मुकाबले अवैध व शून्य समझी जावेंगी।

दिनांक - 08/01/2026

प्रेषक-जे. पी. शर्मा(एडवोकेट)
कार्यालय - 5,सोमिल कॉम्पलैक्स, आयकर भवन के पास, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) मो. 09425338053

14 जनवरी
Happy Makar Sankranti
सभी देशवासियों को
आगामी मकर संक्रांति
की हार्दिक शुभकामन